श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा

सेवा संकल्प अभियान (दिनांक 17-09-2026 से 17-10-2026)

रिपोर्ट: सेवा संकल्प अभियान (वाद-विवाद प्रतियोगिता)

विषय: "मोबाइल फोन: विद्यार्थियों के लिए वरदान या अभिशाप"

दिनांक: 10-10-2026 (शनिवार), पूर्वाह्न 11:00 बजे

स्थान: जन्तु विज्ञान प्रयोगशाला, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा (मुख्य परिसर)

आयोजक: जन्तु विज्ञान विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा

कार्यक्रम प्रभारी: शिशिर त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान विभाग

संयोजक समिति: डॉ० सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ० मनोज कुमार मिश्र

कार्यक्रम क्रमांक: 24 (सेवा संकल्प कैलेंडर, 17 सितम्बर – 17 अक्टूबर 2026)

1. उद्देश्य

- विद्यार्थियों में मोबाइल फोन के उपयोग के लाभ एवं हानियों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना।
- मोबाइल फोन के संतुलित, सुरक्षित एवं उत्तरदायी उपयोग की प्रवृत्ति विकसित करना।
- विद्यार्थियों में तार्किक चिन्तन, अभिव्यक्ति कौशल एवं आत्मविश्वास का विकास करना।

2. कार्यक्रम का विवरण

सेवा संकल्प अभियान (17 सितम्बर – 17 अक्टूबर 2026) के अन्तर्गत दिनांक 10 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा "मोबाइल फोन: विद्यार्थियों के लिए वरदान या अभिशाप" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जन्तु विज्ञान प्रयोगशाला में किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी शिशिर त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्य एवं नियमों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

प्रतियोगिता में बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। पक्ष के वक्ताओं ने ऑनलाइन शिक्षा, एआई आधारित अध्ययन, रोजगार एवं सीखने के नये अवसरों तथा सामाजिक-आर्थिक लाभों को रेखांकित किया, जबकि विपक्ष के वक्ताओं ने साइबर अपराध, फर्जी पहचान, समय की बर्बादी, नींद व स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव तथा एकाग्रता में कमी जैसी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया।

3. प्रतिभागियों के विचार एवं प्राप्त अंक

क्र.	प्रतिभागी	पक्ष/विपक्ष	प्रमुख तर्क	अंक
1	**अंशिता सिंह**	पक्ष	शिक्षा व पढ़ाई में सहायक; चैट जीपीटी जैसे एआई उपकरणों से अध्ययन में सुविधा	12
2	**अनमोल**	विपक्ष	साइबर अपराध, फर्जी पहचान, परिवार के साथ बिताये जाने वाले समय में कमी, स्वास्थ्य समस्याएँ, एकाग्रता व ध्यान में कमी	15
3	**विभा शुक्ला**	पक्ष	ऑनलाइन शिक्षा का सशक्त माध्यम; सीमित एवं आत्म-नियंत्रित उपयोग आवश्यक	10
4	**विशाल**	विपक्ष	समय की बर्बादी; अनुचित/अश्लील सामग्री का दुष्प्रभाव	08
5	**चन्दन तिवारी**	पक्ष	शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक लाभ; व्हाट्सऐप द्वारा संवाद; रोजगार व सीखने के नये अवसर; एआई तथा स्व-अध्ययन में सुधार	20
6	**अनुराधा शुक्ला**	विपक्ष	नींद में कमी एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव	08

4. संयोजक समिति के सदस्यों के विचार

डॉ० सन्तोष कुमार श्रीवास्तव ने विषय के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर बल देते हुए कहा कि आज के समय में मोबाइल फोन एक आवश्यकता बन चुका है।

डॉ० मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि मोबाइल फोन एक संसाधन है, किन्तु इसका उपयोग सीमित मात्रा में ही किया जाना चाहिए, क्योंकि "अति सर्वत्र वर्जयेत्" । उन्होंने कहा कि मोबाइल अब स्मार्टफोन बन चुका है, अतः फोन आपको हैंडल न करे, बल्कि आप फोन को हैंडल करें ।

5. परिणाम

प्रतिभागियों को प्राप्त अंकों के आधार पर परिणाम निम्नवत् रहा:

प्रथम स्थान	द्वितीय स्थान	तृतीय स्थान
चन्दन तिवारी (20 अंक)	**अनमोल (15 अंक)**	**अंशिता सिंह (12 अंक)**

6. उपस्थिति

विद्यार्थी: 75 (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर)

शिक्षक: 05 — शिशिर त्रिपाठी (कार्यक्रम प्रभारी, जन्तु विज्ञान), डॉ० सन्तोष कुमार श्रीवास्तव (भौतिक विज्ञान), डॉ० मनोज कुमार मिश्र (रसायन विज्ञान), श्री विन्ध्या साहू (जन्तु विज्ञान) एवं डॉ० अशोक पाण्डेय (जन्तु विज्ञान)

7. निष्कर्ष

प्रतियोगिता से यह निष्कर्ष निकला कि मोबाइल फोन अपने आप में न तो पूर्णतः वरदान है और न ही अभिशाप; इसका प्रभाव उपयोगकर्ता के विवेक पर निर्भर करता है । संयमित, उद्देश्यपूर्ण एवं सुरक्षित उपयोग से यह विद्यार्थियों के लिए ज्ञान एवं अवसरों का सशक्त माध्यम बन सकता है । कार्यक्रम अत्यन्त सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ । अन्त में कार्यक्रम प्रभारी द्वारा सभी शिक्षकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया ।

8. कार्यक्रम की झलकियाँ



प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थी



प्रतिभागी छात्रा अपने विचार रखते हुए



प्रतिभागी छात्र अपने विचार रखते हुए

9. समाचार पत्रों में प्रकाशन



'मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप' विषय पर शास्त्री डिग्री कालेज के छात्रों ने रखे अपने तर्क

कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग ने आयोजित की वाद विवाद प्रतियोगिता

विश्ववार्ता संवाददाता

गोण्डा। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जंतु विज्ञान विभाग द्वारा 'मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शिशिर त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित इस प्रतियोगिता में बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में बढ़-चढ़कर अपने विचार रखे।

पक्ष में बोलते हुए चन्दन तिवारी ने मोबाइल को शिक्षा, रोजगार, संवहने के नये अवसरों और ऐआई आधारित स्व-अध्ययन का सशक्त माध्यम बताया। अंशिता सिंह और विश्व शुक्ला ने ऑनलाइन शिक्षा में इसकी उपयोगिता पर जोर दिया वहीं विपक्ष में अनमोल ने स्मार्टवर

में अनमोल ने स्मार्टवर अपराध, फर्जी पहचान और एकाग्रता में कमी जैसे खतरों को गिनाया जबकि विशाल और अनुराधा शुक्ला ने समय की बर्बादी, नींद व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया ।

डॉ. सन्तोष कुमार श्रीवास्तव ने विषय के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा आज मोबाइल एक आवश्यकता बन चुका है। डॉ० मनोज कुमार मिश्र ने 'अति सर्वत्र वर्जयेत्' का उल्लेख करते हुए कहा कि मोबाइल एक संसाधन है, जिसका सीमित उपयोग ही उचित है उन्होंने यह भी कहा फोन आपको हैंडल न करे बल्कि आप फोन को हैंडल करें।

प्रतियोगिता में चन्दन तिवारी ने प्रथम, अनमोल ने द्वितीय तथा अंशिता सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में 75 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ० अशोक पाण्डेय, जिन्या साहू, समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम प्रभारी शिशिर त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

विश्ववार्ता



कैनविज टाइम्स

मोबाइल वरदान या अभिशाप, छात्रों ने गिनाए फायदे और खतरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मोबाइलफोन शिक्षा और रोजगार का सशक्त माध्यम है,लेकिन इसका अनियंत्रित इस्तेमाल छात्र का अध्ययन, समय की बर्बादी और मानसिक संबंधी समस्याओं का कारण भी बन रहा है। इसी मुद्दे पर श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जंतु विज्ञान विभाग की ओर से 'मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।इस में बीएससी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क रखे।पक्ष में बोलते हुए चन्दन तिवारी ने मोबाइल को शिक्षा, रोजगार और ऐआई आधारित स्व-अध्ययन का प्रभावी माध्यम बताया।अंशिता सिंह और विश्व शुक्ला ने ऑनलाइन शिक्षा में इसकी उपयोगिता पर जोर दिया। वहीं, विपक्ष में अनमोल ने स्मार्टफोन से फर्जी पहचान और एकाग्रता में कमी जैसे खतरों को गिनाया। जबकि विशाल और अनुराधा शुक्ला ने समय की बर्बादी, नींद व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। डॉ० सन्तोष कुमार श्रीवास्तव ने विषय के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोबाइल एक आवश्यकता बन चुका है। डॉ० मनोज कुमार मिश्र ने 'अति सर्वत्र वर्जयेत्' का उल्लेख करते हुए कहा कि मोबाइल एक संसाधन है, जिसका सीमित उपयोग ही उचित है उन्होंने यह भी कहा फोन आपको हैंडल न करे बल्कि आप फोन को हैंडल करें।

शास्त्री डिग्री कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता, चंदन तिवारी प्रथम और अनमोल द्वितीय

प्रतियोगिता में चन्दन तिवारी ने प्रथम, अनमोल ने द्वितीय तथा अंशिता सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में 75 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ० अशोक पाण्डेय ,जिन्या साहू, समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम प्रभारी शिशिर त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कैनविज टाइम्स (11 अक्टूबर 2026)



मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप, शास्त्री डिग्री कालेज के छात्रों ने रखे अपने तर्क

इंडिया न्यूज दर्शन ब्यूरो आलम

गोंडा। 10 अक्टूबर 2026 लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जंतु विज्ञान विभाग द्वारा मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शिशिर त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित इस प्रतियोगिता में बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में बढ़-चढ़कर अपने विचार रखे पक्ष में बोलते हुए चन्दन तिवारी ने मोबाइल को शिक्षा, रोजगार, सीखने के नये अवसरों और ऐआई आधारित स्व-अध्ययन का सशक्त माध्यम बताया। अंशिता सिंह और विश्व शुक्ला ने ऑनलाइन शिक्षा में इसकी उपयोगिता पर जोर दिया वहीं विपक्ष में अनमोल ने स्मार्टवर अपराध, फर्जी पहचान और एकाग्रता में कमी जैसे खतरों को गिनाया जबकि विशाल और अनुराधा शुक्ला ने समय की बर्बादी, नींद व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया । डॉ० सन्तोष कुमार श्रीवास्तव ने विषय के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा आज मोबाइल एक आवश्यकता बन चुका है। डॉ० मनोज कुमार मिश्र ने 'अति सर्वत्र वर्जयेत्' का उल्लेख करते हुए कहा कि मोबाइल एक संसाधन है, जिसका सीमित उपयोग ही उचित है उन्होंने यह भी कहा फोन आपको हैंडल न करे बल्कि आप फोन को हैंडल करें। प्रतियोगिता में चन्दन तिवारी ने प्रथम, अनमोल ने द्वितीय तथा अंशिता सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में 75 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ० अशोक पाण्डेय ,जिन्या साहू, समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम प्रभारी शिशिर त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इंडिया न्यूज दर्शन

प्रो जितेन्द्र सिंह
प्रभारी प्राचार्य

प्रो अरविन्द कुमार शर्मा
नोडल अधिकारी

डॉ रेखा शर्मा
संयोजक, सेवा संकल्प अभियान

शिशिर त्रिपाठी
कार्यक्रम प्रभारी